# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-157 सागवाड़ा, बुधवार,8 फरवरी, 2023 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# चितरी में बना राजस्थान का पहला उमिया माता मंदिर, 9 से 11 फरवरी तक होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## पाटीदार समाज के 1000 स्वयंसेवक संभालेंगे व्यस्थाएं * 9 फरवरी को हेमाद्रि पूजन, 10 को कलश यात्रा, 108 कुंडीय यज्ञ सहित कई धार्मिक अनुष्ठान, रात में भजन संध्या व 11 फरवरी को मूर्ति प्रतिष्ठा व पूर्णाहुति होगी



**सागवाडा।** डूंगरपूर में पाटीदार समाज की ओर से चितरी में राजस्थान के पहले उमिया माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 9 से 11 फरवरी तक होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गुजरात के सीएम और केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। 3 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की पूरी व्यवस्थाएं 1 हजार से ज्यादा स्वयंसेवक संभालेंगे। कार्यक्रम में शोभायात्रा, 108 कुंडीय यज्ञ, मूर्ति प्रतिष्ठा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

आयोजन समिति के सदस्य एनआरआई रमेश पटेल ने बताया कि पाटीदार समाज ने पूरे विश्व में 1001 उमिया माता मंदिर के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इसके तहत पूरे विश्व में अब तक 425 मंदिर बनाए जा चुके हैं। 426वां मंदिर राजस्थान के चितरी गांव में बना है, जो राजस्थान में पहला उमिया माता का मंदिर है। उन्होंने बताया कि उमिया माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 9 से 11 फरवरी तक होगा, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। रमेश पटेल ने बताया कि मंदिर के लिए ऊंझा गुजरात स्थित उमिया माता मंदिर से ज्योत लेकर आए हैं, जो चितरी के उमिया माता मंदिर में प्रज्वलित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को हेमाद्रि पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 10 फरवरी को कलश यात्रा, 108 कुंडीय यज्ञ सहित कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। साथ ही रात में भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक सागर पटेल प्रस्तुतियां देंगे।

11 फरवरी को मूर्ति प्रतिष्ठा व पूर्णाहुति होगी। इस दिन गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला सहित कई केंद्रीय मंत्री, गुजरात और राजस्थान सरकार के कई मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम में पार्किंग, सुरक्षा, बैठक, भोजन और लोगों की सेवा का जिम्मा समाज के युवाओं ने उठाया है।

करीब 1 हजार युवा सभी व्यवथाएं करेंगे, जबकि भोजन के लिए महिलाएं सहयोग करेगी। 25 हजार लोगों की बैठक के लिए बड़ा पांडाल भी तैयार किया गया है।इस दौरान प्रेम कुमार पाटीदार,,वल्लभाचार्य पाटीदार, रमण लाल खुमानपुर, विकास संस्थान अध्यक्ष मानशंकर पाटीदार, कमलाकांत, प्रेम शंकर चितरी , सुनील नैनपुर ,खुशाल ओल्ड वाडिया ,संस्थान सचिव रामलाल खुमानपुर,नाथूलाल, रोहित, जगदीश एवं समाज के अन्य समाजबंधु मौजूद रहे।

# चित्तौड़गढ़ सांसद ने राष्ट्रपति को शबरी, मोदी को राम बताया

**जयपुर।** संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान चित्तौड़गढ़ से बीजेपी सांसद सीपी जोशी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शबरी और पीएम नरेंद्र मोदी को राम बता दिया। पीएम के कामकाज की तारीफ करते हुए जोशी ने ये बात कही। संसद में जोशी के बोलते ही सांसदों में कानाफूसी शुरू हो गई थी। अब इस तुलना पर सियासी विवाद की संभावना है।सीपी जोशी ने कहा– देश के प्रधानमंत्री अपने आपको शासक नहीं प्रधान सेवक मानकर गर्व करते हैं। एक नरेंद्र वह थे, जिन्होंने कहा था लक्ष्य की पूर्ति तक मत रुको। एक नरेंद्र ये हैं जो चलते रहो के सिद्धांत को अपनाकर ?देशसेवा के लिए निकल पड़े हैं। गरीब को गणेश मानकर काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि त्रेता युग में माता शबरी श्री राम का स्वागत करने के लिए आतुर थीं। आज हम लोग संयुक्त सत्र की बात करें। राष्ट्रपति आज जब संसद में प्रवेश कर रही थीं, तब ऐसा लग रहा था कि उस समय त्रेतायुग में शबरी श्रीराम का स्वागत कर रही थीं। अभी ऐसा लग रहा था, जैसे श्रीराम शबरी का स्वागत करने के लिए, उनका अभिनंदन करने के लिए संसद के द्वार पर खड़े हैं। उनके स्वागत के लिए, उनके अभिनंदन के लिए।सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री देश को आगे बढ़ाने के लिए दूरदर्शिता से काम कर रहे हैं। उनके विजन से देश आगे बढ़ रहा है। पीएम अपने विजन से देश को विकसित बनाने और प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए काम कर रहे हैं।

**बोले- मुर्मू ने संसद में एंट्री की तो लगा शबरी के स्वागत में श्रीराम खड़े हैं**

# पारडा मेहता स्कूल का अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शर्मा ने किया निरीक्षण



**गलियाकोट।** राउमवि पारडा मेहता में मंगलवार को अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश शर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। प्रधानाचार्य रेखा जोशी द्वारा शैक्षिक, सहशैक्षणिक व भौतिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश शर्मा ने कक्षा 10 वीं और 12 वीर बोर्ड के विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी पर चर्चा कर परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिये मार्गदर्शन दिया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियो मिशन बुलंदी, RKSMBK, कक्षा शिक्षण आदि का निरीक्षण कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबलन प्रदान किया । आभार मुकेश रोत ने व्यक्त किया।


# संस्कृति कभी भी विकास एवं शिक्षा में बाधक नहीं बनती – राजकुमार रोत

## राजकीय महाविद्यालय सीमलवाड़ा में छात्रसंघ उद्घाटन समारोह आयोजित



**सीमलवाड़ा।** सीमलवाड़ा कस्बे में स्थित राजकीय महाविद्यालय में छात्र संघ उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथिचौरासी विधायक राजकुमार रोत व अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ केजल खत्री, विशिष्ठ अतिथि लोकसभा प्रत्याशी कांति लाल रोत एवं बीपीवीएम प्रदेश संयोजक पोपट खोखरिया,जिला परिषद सदस्य वीणा कटारा,सलीम सुई, आशा डामोर रही । जहां अतिथियों का स्वागत कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष ममता पारगी, उपाध्यक्ष नीलेश ननोमा, महासचिव किनेश्वरी डामोर एवं सयुक्त सचिव शैलेश कटारा ने किया। महाविद्यालय एवं बालिका स्कूल की छात्राओं द्वारा वागड़ी व क्षेत्रीय गीतों पर शानदार संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। तदोपरांत छात्राओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कांतिभाई रोत ने छात्राओं को पूर्ण लगन से पढ़ कर आगे बढ़ने एवं परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करने का आव्हान किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार रोत ने अपने उद्बोधन में कहां की जिंदगी के हर पड़ाव पर शिक्षा बहुत जरूरी है। छात्र जीवन में हर छात्र छात्रा के सामने कई रास्ते खुलते हैं। समय रहते सही रास्ता चुनने का समय है। वही कहा कि किसी भी धार्मिक ग्रंथ में कम उम्र में व्रत उपवास आदि करने को नहीं कहा गया है।

फिर भी हमारे क्षेत्र में स्थानीय लोग व्रत उपवास में ही अपना आधा समय व्यर्थ कर रहे हैं। हमें शिक्षा के साथ–साथ हमारी संस्कृति परंपराओं को भी संभाले रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। वही कहा कि पूरे राजस्थान में हमारे उदयपुर संभाग के लोगों की अति कुपोषित में गिनती होती है। जिसका मुख्य कारण हमारे लोग व्रतों व अंधविश्वासों में बहुत ज्यादा भरोसा करने लगे जो कि गलत है। वही खानपान पर ध्यान देने का आव्हान किया। इस दौरान छात्रों के साथ अपने प्रवास के दौरान की एक घटना का जिक्र भी किया। समारोह में एसबीपी महाविद्यालय अध्यक्ष तुषार परमार, मनोज पारगी, शांतिलाल रोत, कमलेश पारगी, ईश्वर लाल रोत, मफतलाल डामोर, कमलेश डेंडोर, प्रकाश ननोमा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। राबाउमावि सीमलवाड़ा की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका विभा उपाध्याय ने विधायक से स्कूल भवन के नव निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संचालन नारायण लाल मीणा व डॉ.किरण रोत ने किया। आभार उप प्रधानाचार्य पवन कसौटिया ने जताया।



# रितेश्वर महाराज 9 को सागवाड़ा में

**सागवाड़ा।** आनंद धाम वृंदावन के पीठाधीश्वर रितेश्वर महाराज 9 फरवरी को सागवाड़ा में आएँगे जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

सागवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने बताया कि आनंदन धाम वृन्दावन के पीठाधीश स्वामी, सद्गुरू ऋतेश्वर महाराज 9 फरवरी को सुरभि बाजार परिसर में दोपहर 2 बजे सर्वसमाज के श्रद्धालुओ को सम्बोधित करेँगे।

# खडगदा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व CM वसुंधरा राजे का किया स्वागत





**खडगदा।** भारतीय जनता पार्टी इकाई खडगदा की ओर पूर्व CM वसुन्धरा राजे का खडगदा बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजे ने कहा कि राजस्थान में अब व्यवस्था परिवर्तन का समय आ गया है, हम सभी तैयार रहें। कर्मठ कार्यकर्ता एवं उर्जावान युवाओं के सहयोग एवं सम्बल से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर सरपंच गटी सरपोटा, विनोद, जवाहर जोशी, डॉ विमलेश पण्ड्या, अनुपम भट्ट, राज भट्ट, प्रकाश भट्ट, भूरजी सरपोटा, रजनी कांत, मुकेश पण्ड्या, हर्षित भट्ट, यश भट्ट, लक्ष्मण रितेश जैन, गणेश लाल भट्ट, अनिता दीक्षित, इन्दिरा जोशी, पदमा भट्ट, सुमित भट्ट, बदामी लाल टेलर, प्रवीण भट्ट, जिग्नेश जोशी, शंकर भाई, अशोक, राकेश कटारा, धर्मेन्द्र भट्ट सहित कार्यकर्ता और ग्रामिण उपस्थित थे।




आपका टीवी मनोरंजन.. हमारी जिम्मेदारी
- डिश सेट करना
- डिश रिचार्ज करना
- नई डिश लगवाना
- पैकेज की जानकारी लेना

डिश टीवी के सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए संपर्क करे

आदित्य & कंपनी- सचिन परमार, मो. 7340191819



चार वर्ष ज़ील से दिल तक
zeel MULTISPECIALITY HOSPITAL

दुनिया बहुत खूबसूरत है पर वो सब नहीं देख पाते

ज़ील हॉस्पिटल, सागवाड़ा एवं ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में




मोतियाबिंद का निःशुल्क इलाज

प्रथम 500 रजिस्ट्रेशन पर

नेत्र रोग विभाग के अंतर्गत पाएं निम्नलिखित समस्याओं की जाँच एवं उपचार
- मोतियाबिंद
- काला मोतिया
- आंखो के चारों और लाल होना
- नखूना एवं नासूर
- खुजली या जलन
- आंखो को बंद करने में दिक्कत
- धुंधली नजर
- भेंगापन व तिरछापन
- आंखो से अतिरिक्त पानी गिरना
- दोहरी नज़र
- पलक पर गांठ का बनना
- निकट या दूर देखने में कठिनाई
- आंखो में दर्द
- नज़र क्षेत्र के केंद्र में अंधेरा

हॉस्पिटल में उपलब्ध ऑपरेशन की सुविधा
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन
- नखूना एवं नासूर
- चश्मे के नंबर की जाँच
- कालापानी की जाँच व ऑपरेशन
- कांच बिंदु
- झिल्ली हटाने का ऑपरेशन



नोट: आधार कार्ड व पेन कार्ड लाना अनिवार्य है।

ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: 9351230476
ईमरजेंसी नम्बर 9462996299
treatment@zeelhospital.com